# SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION

Part II

Time : 2¼ hrs
Cool off time : 15 minutes

## हिन्दी

Maximum : 80 Score

**सामान्य निर्देशः**
- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें।

**सूचना के अनुसार 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें। (5 x 1 = 5)**

1. मातृभूमि का परिधान क्या है?
   (फूल-तारे, नीलाकाश, सूर्य-चन्द्र)

2. सूरीनाम में पहला दिन किस विद्या की रचना है?
   (आत्मकथा, सफरनामा, कहानी)

3. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम' किसकी रचना है?
   एकांत श्री वास्तव, डॉ.जे.बाबू, अमृता प्रीतम)

4. कुली को आदमी मानने से पहले कवि ने उसको किस रूप में पहचाना था?
   (कमीज़ से, नंबर से, चेहरे से)

5. लटके हुए डंठलों की तुलना किससे की गयी है?
   (पूजा द्रव्य, नैवेद्य, मृत-जल साँप)

**सूचनाः निम्नलिखित कवितांश पढें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

इक कमरेवाली झोंपडी में
बच्चों के सो जाने पर
मैं अपनी मन दीवार पर
अपना विशाल घर खींचने लगी
    खाने-पीने-सोने के
    अलग-अलग कमरे
    रसोई यदि बैठक के
    निकट-रखती तो
    पूजा का कमरा कहाँ होगा?

6. यह किस कविता का आंश है? (1)
7. स्त्री अपने घर में कौन-कौन से कमरे बनवाना चाहती हैं? (2)
8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए। (6)

**सूचना 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।** (2 x 2 = 4)

9. कवि ने मातृभूमि का वर्णन कैसे किया है?
10. कुमार की वर्षगाँठ में राजवंती माँ ने उससे क्या प्रण लिया है?
11. लेखिका को स्कूटरवाला क्यों पीर जैसा लगा?
12. हाय! मुरझा रहे दो सुरम्य सुकोमल रूप-दो सुस्मय सुकोमल रूप कौन-कौन से है?
13. पारामारिबो शहर सुरीनामी नहीं एक भारतीय शहर जैसे लग रहा है। क्यों?

**सूचना : 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** (3 x 4 = 12)

14. मान न मान
    मैं तेरा मेहनमान
    बने बुढापा
    *हाइक का भाव लिखें।*

15. जीवन वृत्त पढ़ें और कुँवर नारायण के बारे में अनुच्छेद तैयार करें।

**जीवन - वृत्त**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | कुंवर नारायण |
| जन्म | : | 1927 |
| जन्मस्थान | : | उत्तर प्रदेश के फैजाबाद |
| प्रमुख रचनाएँ | : | चक्रव्यूह, अपने सामने, कोई दूसरा नहीं |
| पुरस्कार | : | 2005 में ज्ञानपीठ |

16. तेरा गम मेरा गम
    मेरी जान तेरी जान
    ऐसा अपना प्यार

    इन पंक्तियों के आधार पर दोस्ती के बारे में अपना मत प्रकड करें।

17. बेबे कहती, तू पानी पिलाया कर, पुण्य मिलता है। तब से अब तक दस मश्क से मेरा रिश्ता जुडा हुआ है। – इन वाक्यों के आधार पर स्कूटरवाले के चरित्र पर टिप्पणी लिखें?

**सूचना : 18 और 19 प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गद्यांश पढकर लिखें।**

इतिहास के आरंभ के साथ ही भारत ने अपनी अंतहीन खोज प्रारंभ की, और न जाने कितनी ही सदियाँ इसकी भव्य सफलताओं और असफलताओं से भरी हुई है। चाहे अच्छा वक्त हो या बुरा भारत ने कभी इस खोज से अपनी दृष्टि नहीं हटाई और कभी भी अपने उन आदर्शों को नहीं भूला जिसने उसे शक्ति दी। आज हम दुर्भाग्य के एक युग का अंत कर रहे है और भारत पुनः खुद को खोज पा रहा है।

18. भारत ने अपनी अंतहीन खोज कब से प्रारंभ की? (2)

19. गद्यांश का संक्षेपण करें। (6)

**सूचनाः 20 से 23 तक के किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** (3 x 6 = 18)

20. बादशाह के बेटे ने बहन का खत तीन दफा पढ़कर सुनाया। पिताजी को इतना अधिक दुखी होकर उसने कभी नहीं देखा था। उस दिन के बेटे की डायरी तैयार करें।

- पिताजी का दर्द • बहन की हालत • बेटे का मानसिक संघर्ष

21. **पद पढ़ें और भावार्थ लिखें।**

सुत मुख देखि जसोदा फूली
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मग्न तनु की सुधि भूली।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई
तनक तनक सी दूध की दतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई।।
आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोउ नैन अधाई।।
सूर स्याम किलकत द्विज देखयौ मनो कमल पर बीजु जमाई।।

22. बारहवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन फिजी में होनेवाला है। इसकेलिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें।

23. **गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद करें।**

A library is an integral part of a school. We cannot think of a school without a library. Books are our best friends. Books helps us to increase our knowledge and develop our personality. Good books always influence the students. so we should be very careful while selecting books.

(Integral - अनिवार्य, Personality - व्यक्तित्व, to influence - प्रभावित करना)

24. **सही मिलान करें।** (1 x 8 = 8)

| | | |
|---|---|---|
| Virus | - | ऊर्जा |
| Chemistry | - | टीकाकरण |
| Advance | - | रसायन विज्ञान |
| Humanities | - | सांख्यिकी |
| Statistics | - | परमाणु |
| Vaccination | - | विषाणु |
| Energy | - | पेशगी |
| Atom | - | मानविकी |

**सूचना 25 से 27 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।** (2 x 8 = 16)

25. कवि अनंग जी के बीमारी को दूर करने केलिए बाज़ार में एक नयी दवा आयी है। इसकी बिक्री बढाने केलिए एक विज्ञापन तैयार करें।

- कम दाम • शीघ्र रोग मुक्ति • कम दुष्प्रभाव

26. 'कुमार की आँकें भर आई-शायद मर्द जात की कोई लाज रखने केलिए।'

मुरकी की दर्दभरी कहानी ने कुमार के मन को विचलित कर डाला। वह अपनी मन की पीडाएँ व्यक्त करते हुए अपनी आत्मकथा लिखता है। वह आत्मकथांश तैयार करें।

- बचपन की यादें • मुरकी की शादी
- पति की उपेक्षा • माँ का आश्रय देना
- मुरकी की मृत्यु

27. 'मैं ज़मीन नहीं बेचता
बेचता हूँ हृदय।'

बेटी की शादी केलिए पिता को ज़मीन बेचना पड़ता है। वह अपनी विवशता व्यक्त करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखता है। वह पत्र तैयार करें।

- ज़मीन से गहरा संबंध • ज़मीन की बिक्री
- पिता का दायित्व निभाना • परिवार के प्रति प्रेम

**Prepared by**

1. **SHIJU S.R.**
   **HSST Hindi, GHSS Koduvally (10003)**

2. **DEEPA K.S.**
   **HSST Hindi, GHSS Sivapuram (10104)**

3. **MANJU B.R.**
   **HSST Hindi, GHSS Balussery (10026)**

4. **SHANTY JACOB**
   **HSST Hindi, St. George HSS, Kulathuvayal (10062)**

5. **LILY P.**
   **HSST (Jr.) Hindi, GHSS Karuvanpoyil (10101)**

6. **DEPTHI V.D.**
   **HSST (Jr.) Hindi, GHSS Pannur (10103)**

7. **SHEEJA K.**
   **HSST Hindi, Auxilium Navajyothi HSS (10088)**